**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 17.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा रोहन सिंह इण्टर कॉलेज लुकतरा में "शक्ति संवाद" का किया गया आयोजन। विद्यालय की छात्राओं के बीच कराई गई सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता।**

**विवरण-** महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे **मिशन शक्ति अभियान 5.0** के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2025 को **थाना कोतवाली देहात** की **मिशन शक्ति** टीम द्वारा **रोहन सिंह इण्टर कॉलेज ग्राम लुकतरा** में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, सरकारी योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों- **महिला हेल्पलाइन 1090**, **चाइल्ड हेल्पलाइन 1098**, **आपातकालीन सेवा** डायल यूपी **112**, **एंबुलेंस सेवा 108** आदि के बारे में चर्चा कर इन सेवाओं के प्रयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की टैक्टिस का भी प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं से बातचीत कर उनकी प्रमुख चिन्ताओं एवं सुझावों की जानकारी ली गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से संबंधित विधिक प्रावधानों के प्रश्न पूछे गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। साइबर अपराध एवं सुरक्षा हेतु छात्राओं को सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराधों, फेक आईडी, ऑनलाइन फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग आदि से बचने के उपाय बताए गए साथ ही **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** शिकायत करने की प्रक्रिया बताई गई।